Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- एसीबी चौकी अलवर प्रथम द्वारा आरोपी संदीप हाल हैल्पर प्रथम फिडर आन्धाका कार्यालय कनिष्ठ अभियंता जेवीवीएनएल किशनगढ बास ग्रामीण को 25,000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

जयपुर दिनांक 07 मई 2026। को एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **संदीप, हाल हैल्पर प्रथम फिडर आन्धाका कार्यालय कनिष्ठ अभियंता जेवीवीएनएल किशनगढ बास ग्रामीण** द्वारा 25,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी अलवर पर परिवादी ने एक शिकायत दी की परिवादी के घर पर बिजली की लाईन से तार डाल रखा था दिनांक 05.05.2026 को संदीप कुमार लाईनमैन व एईएन साहब विजिलेंस आये और हमारे घर की फोटू खीच कर वीसीआर भर ली मेरे साथ साथ मेरे भाई व भतीजे की भी और वीसीआर भर ली। मैं घर पर नहीं था। संदीप लाईन मैन द्वारा वीसीआर नही भरने की एवजं में 35,000/- रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है एवं सत्यापन करवाया जाने पर आरोपी संदीप लाईन मैन द्वारा रिश्वत मांग सत्यापन के दौरान 25,000/- रूपये की मांग करना पाया गया।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस-चतुर्थ श्री भुवन भूषण** के सुपरवीजन में ए.सी.बी.चौकी अलवर प्रथम के प्रभारी **उप अधीक्षक श्री शब्बीर खान** द्वारा आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी को परिवादी से 25,000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के सुपरवीजन में आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।